देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 183 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...दुनिया की हर अर्थव्यवस्था परेशान



देहरादून, बृहस्पतिवार, 22 अक्टूबर 2020

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59 | 2 भारत पर सैन्य दबाव डाल रहा है चीन | 7 चंद मिनटों में पाएं स्टाइलिश लुक

## संक्षिप्त समाचार

**एकनाथ खडसे ने सौंपा इस्तीफा**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा आधिकारिक रूप से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकात पाटील को सौंप दिया है। इस्तीफे में एकनाथ खडसे ने लिखा है कि वह व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ रहे हैं। हालांकि मीडिया को दिए गए अपने बयान में खडसे ने बीजेपी खासकर पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस पर जमकर भड़ास निकाली। एकनाथ खडसे ने कहा, मेरी इच्छी नहीं थी पार्टी छोड़ने की लेकिन एक व्यक्ति की वजह से छोड़ना पड़ रहा है।

**आरजेडी व कांग्रेस पर जमकर गरजे योगी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के लिए आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार को बिहार में दूसरा दिन था। बुधवार को उन्होंने जमुई, भोजपुर के तरारी तथा पटना के पालीगंज विधानसभा क्षेत्रों में जनता से राष्ट्रीय जनांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। साथ ही बीजेपी के पॉपुलिस्ट एजेंडा राम मंदिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने तथा पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की भी याद दिलाई।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का राजद पर तंज**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंपारण। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पश्चिम चंपारण के बेतिया के बाद अब पूर्वी चंपारण के चकिया गांधी मैदान पहुंच गए हैं। यहां इनका संबोधन शुरू हो गया है। इससे पहले बेतिया में उन्होंने कांग्रेस व राजद को निशाने पर रखा। मोदी सरकार के कार्यों का भी उल्लेख किया। कोरोना काल में किए गए उपायों की चर्चा की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा यहां पिपरा से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में यहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में श्री राम मंदिर बने।

# पुलिसकर्मी सब के लिए प्रेरणा के स्रोत

## सहायक उपनिरीक्षक व निरीक्षक के वर्दी भत्ता में रु0 1000 की वृद्धि

**शहीद कोष हेतु रुपए 75 लाख की राशि स्वीकृत**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को पुलिस लाईन, देहरादून में पुलिस स्मृति परेड में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के शहीद पुलिस व अर्द्धसैन्य बलों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि आज के दिन अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अर्द्ध सैनिक बल व पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने का उत्तरदायित्व राज्यों की पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बलों का है। अपने इस उत्तरदायित्व को निभाते हुए पुलिस कर्मियों अपने जीवन की आहुति को भी तत्पर रहते हैं। विगत एक वर्ष में भारतवर्ष में 265 अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस कर्मी शहीद हुए हैं, जिसमें उत्तराखंड पुलिस के 6 वीर शहीद हुए हैं। ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले ये पुलिसकर्मी हम सब के लिए प्रेरणा के स्रोत है। सम्पूर्ण भारतवासी अपने शहीद पुलिस कर्मियों व अर्द्ध सैनिक बलों को हार्दिक श्रद्धांजलि देते हुए नतमस्तक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन हम इन पुलिस कर्मियों के परिजनों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं। आज पूरा विश्व आतंकवाद और कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। हमें इन चुनौतियों का डटकर सामना करना है। इनसे निपटने के लिए एक सुनियोजित रणनीति के तहत कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।







मुख्यमंत्री ने शहीद कोष हेतु रुपए 75 लाख की राशि स्वीकृत करने और सहायक उपनिरीक्षक व निरीक्षक के वर्दी भत्ता में रु0 1000 की वृद्धि की घोषणा की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, विधायक हरबंश कपूर , मुन्ना सिंह चौहान, उमेश शर्मा काऊ, विनोद चमोली, गणेश जोशी, पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी, श्रीमती राधा रतूड़ी ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# वायु प्रदूषण में भारत की हालत पाक से भी बदतर

## 2019 में 1.16 लाख नवजातों की पलूशन से गई जान: रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में वायु प्रदूषण के कारण नवजातों के जीवन पर पड़ने वाला असर कितना घातक है, इसके संबंध में अमेरिका के एक संस्थान ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। यूएस के हेल्थ इफेक्ट इंस्टीट्यूट की ओर से जारी स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर-2020 रिपोर्ट में भारत में वायु प्रदूषण और इसके कारण नवजातों की मौत के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2019 में 1.16 लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत एयर पलूशन के कारण हुई है। मरने वाले इन सभी बच्चों ने जन्म के एक महीने के भीतर अपनी जान गंवाई है। इस रिपोर्ट में भारत के अलावा नाईजीरिया (67900 मौत), पाकिस्तान (56,700 मौत), इथियोपिया (22,900 मौत) जैसे देशों के नाम भी शामिल हैं।

**दुनिया में मौतों की चौथी बड़ी वजह है वायु प्रदूषण**

स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट-2020 में दुनिया भर के प्रदूषण के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण जनित बीमारियों जैसे दिल का दौरा, फेफड़े का कैंसर, फेफड़े की अन्य बीमारियों के कारण पूरी दुनिया में 2019 में करीब 67 लाख लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसमें से भारत में करीब 16.7 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्होंने वायु प्रदूषण के कारण जनित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौत के बायोलॉजिकल कारणों पर स्पष्टता से नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह जरूर है कि प्रदूषण के कारण गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा प्री-मैच्योर और कम वजन वाले बच्चों पर भी वातावरण का ज्यादा प्रभाव पड़ता है। इसके साथ एक बात यह भी है कि भ्रूण के विकास के दौरान वायु प्रदूषण के नकारात्मक प्रभाव बच्चे की सेहत पर भी असर डालते हैं।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सेंटर ऑफ अडवांस रिसर्च ऑन एयर क्वालिटी की निदेशक कल्पना बालकृष्ण का भी कहना है कि अगर देश में WHO के मानकों के हिसाब से एयर क्वालिटी को मेंटेन किया जा सकता तो हम करीब 1.16 लाख बच्चों की जान बचा सकते थे।

# एकीकृत आदर्श कृषि ग्राम योजना का शुभारंभ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को माजरी ग्रांट डोईवाला, देहरादून में एकीकृत आदर्श कृषि ग्राम योजना का शुभारंभ किया। योजना का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कृषि मंत्री सुबोध उनियाल को बधाई देते हुए कहा कि कृषि मंत्री रहते हुए सुबोध उनियाल जी ने नये-नये कॉन्सेप्ट पर काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्य लगन से किया जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है। एकीकृत आदर्श ग्राम योजना एक ऐसा कॉन्सेप्ट है, जो मील का पत्थर साबित होगा। एफपीओ को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। जब सभी किसान भाई जागरूक होंगे तो कृषि उत्पादन में सुधार के साथ ही किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्वतीय क्षेत्र में सिंचाई के साथ ही मशीनीकरण पर फोकस करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैविक खेती उत्तराखण्ड की विशेषता है, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए वैल्यू एडीशन एवं ब्रांड की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए एक अम्ब्रेला ब्राण्ड शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

**शुभारम्भ**

- किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यधार झील निर्माण के बाद 29 गावों को सिंचाई एवं पेयजल के लिए गुरूत्व आधारित पानी मिल सकेगा। इसके साथ ही सिंचाई एवं पेयजल की व्यवस्था के लिए जमरानी एवं सौंग बाँध की बाधाओं को शीघ्र ही निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संभरण एवं संरक्षण, मानव वन्यजीव संघर्ष आदि को रोकने के लिए 10 हजार लोगों को काम पर लगाया जाएगा। इससे एक ओर लोगों को रोजगार प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर प्रकृति का संरक्षण हो सकेगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# ब्लैक लिस्ट या ग्रे लिस्ट पर होगा फैसला

**आतंकवादियों के संरक्षण को लेकर पाक पर लटकी तलवार**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की तीन दिवसीय वर्चुअल बैठक आज से शुरू हो रही है। यह बैठक पाकिस्तान के लिए काफी अहम है। 21 से 23 अक्टूबर तक चलने वाली इस बैठक में एफएटीएफ पाकिस्तान के ग्रे लिस्ट में बने रहने पर समीक्षा करेगा। पाकिस्तान एफएटीएफ की ओर से दी गई छह जिम्मेदारियों को पूरा करने में असफल रहा है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का ग्रे लिस्ट में बना रहता तय है। इतना ही नहीं आतंकवादियों का पनाहगार पाकिस्तान पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। गौरतलब है कि एफटीएफ ने पाकिस्तान को 27 एक्शन प्लान दिए थे। पाकिस्तान ने अभी तक केवल 21 को ही पूरा किया है।

चार एक्शन प्लान में पाकिस्तान ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इतना ही नहीं सूची से आतंकवादियों के नाम गायब होने पर एफटीएफ ने पाकिस्तान से कड़ी आपत्ति भी दर्ज की थी।